आज का आनंद पुणे मंगलवार, 26 फरवरी 2019

Date of

कंपनी सेक्रेटरीज परीक्षाओं के नतीजे घोषित

मालाशेट्टी सूर्यप्रकाश, बापू वेंकटेश मरूवद तथा वर्षा पंजवानी पूरे देश में अव्वल

वर्षा पंजवानी

मालाशेट्टी सूर्यप्रकाश

बापू वेंकटेश मरूवद

नई दिल्ली/पुणे, 25 फरवरी (वि.प्र.)
द इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (ICSI) ने सोमवार को यहां एक्जीक्यूटिव प्रोग्राम (पुराने एवं नए सिलेबस) तथा प्रोफेशनल प्रोग्राम के नतीजों की घोषणा की. कंपनी सेक्रेटरीज की ये परीक्षाएं पिछले साल दिसंबर में हुई थीं.

ICSI द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार एक्जीक्यूटिव प्रोग्राम (पुराना सिलेबस) में गुंटूर-अमरावती (आंध्र प्रदेश) के मालाशेट्टी सूर्यप्रकाश ने पूरे देश में पहला स्थान हासिल किया, जबकि एक्जीक्यूटिव प्रोग्राम (नया सिलेबस) परीक्षा में हैदराबाद (तेलंगाना) बापू वेंकटेश मरूवद पूरे देश में अव्वल रहे. प्रोफेशनल प्रोग्राम परीक्षा में भोपाल (मध्य प्रदेश) की वर्षा पंजवानी ने देशभर में टॉप किया. एक्जीक्यूटिव प्रोग्राम (पुराना सिलेबस) में चेन्नई (तमिलनाडु) की निवेदिता नटराजन ने दूसरा तथा कोलकाता (पश्चिम बंगाल) के अंकित अग्रवाल ने तीसरा स्थान हासिल किया. इसी तरह एक्जीक्यूटिव प्रोग्राम (नया सिलेबस) में बहादुरगढ़ (हरियाणा) की प्रियंका चावरी ने दूसरा तथा राजस्थान के जयपुर की दिशा लोहाना ने तीसरा स्थान प्राप्त किया.

प्रोफेशनल प्रोग्राम परीक्षा में हिसार (हरियाणा) के दीपक जैन ने दूसरा तथा ईस्ट सिंहभूमि (झारखंड) की हर्षिता जालान एवं भोपाल (मध्य प्रदेश) के हर्षवर्द्धन संगतानी ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया. एक्जीक्यूटिव प्रोग्राम (पुराना सिलेबस) परीक्षा के मॉड्यूल-1 में 5.24% तथा मॉड्यूल-2 में 9.60% उम्मीदवार उत्तीर्ण हुए. एक्जीक्यूटिव प्रोग्राम (नया सिलेबस) परीक्षा के मॉड्यूल-1 में 5.38% एवं मॉड्यूल-2 में 4.76% छात्र पास हुए. प्रोफेशनल प्रोग्राम परीक्षा के मॉड्यूल-1 में 12.86%, तथा मॉड्यूल-2 में 14.74% तथा मॉड्यूल-3 में 13.06% स्टूडेंट पास हुए.